तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 देव मड़ई में शामिल हुए उड़ीसा, बस्तर के देवी-देवता

12 जनता ने किसका दिया साथ, कल खुलेगा राज


## खबर संक्षेप

### बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा मेनोनाईट हिंदी स्कूल में होगी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 फरवरी को आयोजित होने वाली पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के बीए प्रथम सेमेस्टर (इतिहास एचआईएससी 01 एवं अंग्रेजी साहित्य ईएनएस 01 विषय की परीक्षा महाविद्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना होने के कारण अब मेनोनाईट हिंदी उमावि धमतरी में आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

### निर्वाचन संबंधी आदेश में आंशिक संशोधन

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति हेतु नस्ती कलेक्टर को प्रस्तुत करना, निर्वाचन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर जानकारी आयोग को प्रेषित करना, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से संबंधित कार्य एवं निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति तैयार करने के साथ त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान प्रतिशत एवं मतदान के दिन आयोग को भेजी जाने वाली रिपोर्ट एवं मतदान के दूसरे दिन आयोग को भेजने वाली रिपोर्ट के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने अपर कलेक्टर रीता यादव को नियुक्त किया है। पूर्व में यह जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर नभसिंह कोसेले को दी गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है।

दिव्यांगों को लाभ देने की थी योजना

## सर्वे हुआ, रिजल्ट का अता-पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हर प्रकार के दिव्यांगों को सरकारी लाभ देने की योजना खटाई में पड़ती नजर आ रही है। पिछले 7 साल से सर्वे का काम चल रहा था। सर्वे कम्पलीट भी हुआ तो रिजल्ट अब तक जारी नहीं किया गया है। सर्वे के बाद पूरी जानकारी संचालनालय में अटकी पड़ी हुई है।

अब तक सात प्रकार की कैटेगरी के दिव्यांग को ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है। इन कैटेगरी के अलावा बौनापन, आर्टिज्म जैसी कई प्रकार की दिव्यांगता है लेकिन इन दिव्यांगों को न तो दिव्यांगता प्रमाण-पत्र दिया जाता है और न ही शासकीय योजनाओं का लाभ। सालों पहले इन दिव्यांगों को भी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल शुरू की गई थी। जिसके तहत नए सिरे से दिव्यांगों का सर्वे शुरू किया गया था। इस सर्वे में 21 प्रकार की दिव्यांगता को शामिल किया गया था। विडंबना यह है कि आज तक इस सर्वे का रिजल्ट नहीं आया है। सालों तक तो सर्वे का काम चला। अब सर्वे कम्पलीट हो चुका है, तो सर्वे का पूरी जानकारी संचालनालय में पड़ी हुई है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी नहीं जानते है कि सर्वे में कितने दिव्यांगों की पहचान की गई है।


फाइल फोटो

### बनाना होगा प्रमाण-पत्र

समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सर्वे रिपोर्ट राजधानी रायपुर से जारी होगी। सर्वे में कितने लोग और किस-किस प्रकार के दिव्यांग हैं। पूरी जानकारी रायपुर भेजी गई है। सर्वे सामान्य जानकारी के लिए किया गया है। इसके बाद जितने भी दिव्यांग हैं, उनका मेडिकल टेस्ट के बाद दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाना होगा। तभी उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा। सर्वे में कितने दिव्यांग हैं और किस प्रकार के दिव्यांग हैं, पूरी जानकारी संचालनालय के पास है।

### 21 प्रकार के दिव्यांग

सर्वे में 21 प्रकार की कैटेगरी के दिव्यांग की पहचान की गई है, जिसमें दृष्टि बाधित, अल्पदृष्टि, कुष्ठ रोगी, श्रवण बाधित, चलन निःशक्तता, बौनापन, बौद्धिक निःशक्तता, मानसिक रोग, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मांसपेशी दुर्विकार, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल कंडीशन्स, स्पेशिक लर्निंग डिसएबिलिटी, मल्टीपल स्कलेरोसिस, वाक एवं भाषा निःशक्तता, थेलेसीमिया, हीमोफिलिया, स्किल सेल डिसीज, बहु निःशक्तता, तेजाब हमला पीड़ित एवं पार्किनसंस रोग से ग्रसित लोग शामिल हैं।

## हाईस्पीड बाइक ने ठेला सहित नाबालिग को मारी ठोकर, मौत

■ रूद्री मेला से लौट रहे थे मामा-भांजा, दुलारी नगर के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री मेला से ठेला के साथ लौट रहे मामा भांजा को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। घटना में नाबालिग की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी यशवंत सिन्हा पिता धनेश्वर उम्र 16 वर्ष अपने मामा संतोष सिन्हा जोधापुर निवासी के घर आया था। मामा संतोष मेला में घूम-घूमकर मौसमी धंधा करता है। बुधवार को संतोष बर्फ का ठेला लगाने भांजा के साथ रूद्री मेला गया था। संतोष मेला में ठेला लगाकर बर्फ बेच रहा था। वहीं यशवंत मेला घूम रहा था। रात्रि लगभग 9.30 बजे दोनों मामा भांजा ठेला को धकेलते हुए वापस घर जोधापुर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 05 एजी 1630 में सवार युवकों ने दुलारी नगर गली नंबर 3 के पास नाबालिग सहित ठेला को ठोकर मार दी। बाइक की जोरदार टक्कर से ठेला सड़क पर पलट गया। वहीं यशवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान नाबालिग की रात्रि में मौत हो गई।




चौकी पुलिस ने गुरुवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों को भी चोट लगी है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। बाइक सवारों में एक का नाम रोहित व दूसरे का नाम विक्रम दोनों कालेज रोड निवासी बताए जा रहे हैं।

## एकलव्य स्कूल से भागे 6 बच्चे मथुराडीह में मिले

**धमतरी।** एकलव्य स्कूल के 6 बच्चे हास्टल से भागकर मथुराडीह पहुंच गए थे। ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को सुरक्षित रखा। बाद में प्राचार्य आकर उन्हें ले गए। इस मामले को लेकर जिला शिक्षाधिकारी ने जांच भी करवाई।

मामला कुकरेल तहसील के पथर्रीडीह स्थित एकलव्य आवासीय स्कूल का है। बुधवार को शाम 5 बजे इस स्कूल के 6 बच्चे हास्टल से भाग निकले। पैदल चलते हुए वे जंगल के रास्ते ग्राम मथुराडीह पहुंचे। जहां इन पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। उन्होंने बच्चों से पूछताछ की तब मामले का पता चला। ग्रामीणों ने बच्चों को बिस्किट और भोजन कराया। कुछ बच्चों ने ग्रामीणों को बताया कि स्कूल के कुछ शिक्षक छोटी- छोटी बातों को लेकर उन्हें परेशान करते हैं। इससे ग्रामीण नाराज हुए। उधर बच्चों की खोज खबर लेते प्राचार्य भी मथुराडीह पहुंच गए। सूचना मिलने पर जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले और आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विमल साहू भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों ने बच्चों को प्राचार्य के सुपुर्द कर दिया। इस मामले की जांच भी कराई गई। जिला शिक्षाधिकारी श्री जगदल्ले ने बताया कि बुधवार को माघ पुन्नी का मेला था। उत्सुकतावश बच्चे हास्टल से भाग गए थे। उन्हें सुरक्षित स्कूल पहुंचा दिया गया है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**जन्मदिन उत्सव पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।






## खबर संक्षेप

### मतदान के दूसरे दिन सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**रायपुर।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव ड्यूटी के कारण कई कर्मचारी बुधवार को ड्यूटी पर सुबह समय पर पहुंच नहीं पाए, वहीं कई कर्मचारी थकान मिटाने के लिए छुट्टी पर भी रहे। यह स्थिति तहसील कार्यालय में भी देखने को मिली। रायपुर नगर निगम सहित पांच नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई है। इसके लिए प्रशासन ने स्कूल विभाग से लेकर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई थी। मतदान दल कर्मी वोटिंग से एक दिन पहले ही चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए थे, जो रातभर मतदान केंद्रों में ठहरने के बाद दूसरे दिन मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए मतदान कराया। वोटिंग के बाद सभी मतदान दल देर रात तक सेजबहार लौटते रहे और ईवीएम मशीनों को जमा कराया। इस तरह दो दिन तक मतदान कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। इससे कई कर्मचारी अपनी थकान मिटाने के लिए अवकाश पर रहे, वहीं कर्मचारी विलंब से पहुंचे।

### ब्रेकअप करने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में गोंदवारा निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ ब्रेकअप करने की बात से नाराज होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 31 वर्षीय महिला ने गौरव सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गौरव के साथ उसका पूर्व में प्रेम प्रसंग था।

## निधन

### मेहतरीनबाई साहू

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम मरौद निवासी मेहतरीनबाई साहू 95 वर्ष का निधन 12 फरवरी को हो गया। वह हीरालाल साहू एवं पुनारद साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। मौके पर रघुनाथ, गोवर्धन, राजकुमार, जितेन्द्र, खेमराज, संतोष, विजय, खिलेन्द्र, ताराचंद, गजेंद्र, तुलेन्द्र, ईशु सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### भरतलाल कोसरे

**नगरी।** ग्राम छिपली के वरिष्ठ नागरिक भरतलाल कोसरे 69 वर्ष का स्वर्गवास 12 फरवरी बुधवार को हो गया। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अभिषेक यादव पिता रामअचल यादव जाति यादव निवासी मकान नं. A11 रूद्री रोड आकाश गंगा इंक्लेव्ह फेस-2 डॉ. अम्बेडकर वार्ड नं. 34 जिला धमतरी (छ.ग.) थाना धमतरी पिन कोड 493-773 का निवासी हूं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम अभिषेश यादव दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड क्र. 710266394974 में अभिषेक यादव पिता रामअचल यादव दर्ज है व मेरे पेन कार्ड क्र. AFYPY0262M में मेरा नाम अभिषेक यादव पिता रामअचल यादव दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।

अतः मेरे दस्तावेजों के आधार पर मेरा नाम अभिषेक यादव पढ़ा जावे।

दिनांक : 13/02/2025

भवदीय
अभिषेक यादव
पिता श्री रामअचल यादव
निवासी-मकान नं. A11 रूद्री
आकाश गंगा इंक्लेव्ह फेस-2
डॉ. अम्बेडकर वार्ड नं. 34
जिला-धमतरी (छ.ग.)
पिन कोड 493773

### जुबान में कांग्रेस तो रुझान में भाजपा को है बढ़त

# यहां आ सकते हैं बड़े उलटफेर वाले परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

निकाय चुनाव में अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए हुए मतदान के बाद उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में बंद हो गया है। मतदान के बाद निकाय स्तर पर रुझान सामने आने लगे हैं, जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन, जनता की पसंद और मतदान प्रतिशत के आधार पर तय हो रहे हैं। कांग्रेस की कड़ी टक्कर के बावजूद कुरुद नगर में भाजपा को बढ़त मिलती नजर आ रही है।

नगर पंचायत कुरुद में इस बार 82.66 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के बाद कुछ राजनीतिक विश्लेषकों, आम नागरिक एवं चुनाव लड़े मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से चर्चा बाद आ रहे रुझानों में यहां इस बार पार्षदों की बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। लेकिन आखिरी समय में दमखम दिखाने वाली कांग्रेस पार्टी का कहना है कि उनके अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की जीत का आंकड़ा 800 के करीब रहेगा। वहीं भाजपा ने अपनी जीत का दावा करते हुए जीत का अंतर 800 से 1200 वोटों के बीच होने की बात कही है। वहीं आम आदमी पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवार के संबंध में बताया गया कि उन्हें जितने वोट मिलने की उम्मीद है वह उतने भी नहीं आ पाएंगे। साथ ही भाजपा-कांग्रेस की जीत हार में उनका कोई ज्यादा दखल नहीं रहा है।






#### भाजपा-कांग्रेस दोनों में रही कड़ी टक्कर

अगर बात प्रत्याशियों की करे तो कोई भी यह नहीं कहेगा कि वह चुनाव हार रहा है। इसलिए इन दोनों को छोड़ आम चर्चा से जो बातें छनकर सामने आई हैं, उस हिसाब से भाजपा का चुनावी कैम्पेन व मैनेजमेंट शुरू से लेकर अंतिम मतदान होते तक तगड़ा रहा है। उन्होंने हर वार्ड के अपने समर्थक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाया है जिसमें कांग्रेस की टीम कमजोर रही। चुनावी कैम्पेन में भी वे कहीं-कहीं अलग-थलग नजर आये। वहीं चुनाव के एक दिन पहले विधायक अजय चंद्राकर की सभा, नगर में हुए विकास कार्य को दृष्टिगत रख नये व बुद्धिजीवी वर्ग ने अंतिम समय में भाजपा का साथ चलना पसंद किया है। इन सबके बाबजूद बहुत सारे लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी के सरल, सहज व मिलनसार स्वभाव के साथ उनकी चरण वंदन नीति को देख उनके ही जीतने के भी दावे किये हैं। अब किसके दावे व प्रतिदावे ठीक बैठते हैं यह तो आने वाले 15 फरवरी को ही मतगणना परिणाम के बाद स्पष्ट हो पायेगा।

#### रुझानों के विपरीत भी हो सकते हैं वार्डों के परिणाम

कुछ वार्डवासी, कुछ नगरवासी एवं कुछ प्रत्याशियों से हुई बातचीत के आधार पर यहां अधिकांश वार्डों में अब भी जुबान में कांग्रेस लेकिन रुझान में अंततः भाजपा को ही बढ़त मिलने की बात हो रही है। वार्डवार प्रत्याशियों की करे तो वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा, 2 में कांग्रेस, वार्ड 3 में कांग्रेस-भाजपा में टक्कर, वार्ड 4 में कांग्रेस, वार्ड 5 में भाजपा, वार्ड 6 में भाजपा, वार्ड 7 में भाजपा-कांग्रेस में कड़ी टक्कर, वार्ड 8 में भाजपा, वार्ड 9 में भाजपा, वार्ड 10 में कांग्रेस, वार्ड 11 में भाजपा, वार्ड 12 में कांग्रेस- भाजपा के बीच टक्कर, वार्ड 13 में कांग्रेस, वार्ड 14 में कांग्रेस व वार्ड 15 में भाजपा प्रत्याशी जीत रही है। इस आधार पर भाजपा के 7 व कांग्रेस के 5 पार्षदों की जीत तय बताई जा रही है। वहीं 3 सीट ऐसी है जिस पर लोगों ने कुछ भी कह पाना संभव नहीं समझा। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों ने सभी पार्षद सीटों पर बात करते हुए आम चर्चा से उलटफेर परिणाम आने की बात कही है।

## ग्राम पंचायत गेदरा में पंच सरपंच निर्विरोध चुने गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गेदरा में पंच-सरपंच निर्विरोध चुने गए। ग्रामीणों ने सर्वसहमति से शारदा साक्षी को सरपंच चुना। वहीं वार्ड पंचगण शकुन्तला मरकाम, व्यासनारायण साहू, कार्तिबाई, राधिकाबाई सोरी, जानकीबाई मरकाम, हीरासिंह नेताम, रामदेव मण्डावी, धनराज मण्डावी, लक्ष्मीबाई मरकाम, सुनाराम सलाम, हुलसिंग कुंजाम, परमिलाबाई नेताम चुने गए। बैठक में विमल सलाम, प्रेमसिंग सलाम पूर्व सरपंच, उमेश मरकाम, डोमारसिंग साहू, रोपसिंग नेताम, भैयालाल मण्डावी, सगाराम नेताम, तुलस सोरी, दयाराम मरकाम, फूलसिंग मस्काय, धनराज मरकाम, हिरेंद्र साहू, दयालुराम मरकाम, भगवानसिंग दुग्गा, गेमसिंग नेताम भास्कर ग्राम पटेल, तिहाऊराम साहू, चुन्नुराम नेताम, सुदर्शन दास मोगरे, राधेश्याम, धनीराम मरकाम, जुगलाल, बिरघुराम कुजाम, लखन मरकाम, छत्तर नेताम, कृष्णा सोरी, जानकीबाई सोरी, राजबाई सोरी, बेनूराम, देवचंद यादव, रामकुमार नेताम, गणेश नेताम, रामकुमार नेताम, मलेश, घनश्याम सहदेत नेताम, खेमसिंह नेताम उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक प्रेमलता ने की मतदान की समीक्षा



**धमतरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा धमतरी जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता चंदेल ने 12 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत हुए मतदान की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने ऐसे मतदान केन्द्र जहां मतदान के दौरान गंभीर शिकायतें प्राप्त हुईं, सम्पूर्ण नगरीय निकाय के औसत मतदान 15 प्रतिशत व 15 प्रतिशत से अधिक की बारी-बारी से समीक्षा की। साथ ही पीठासीन अधिकारी की डायरी, रिकॉर्ड किए गए मतों का लेखा, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रतियां, मतदाता रजिस्टर की भी जांच की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्था सहित मतदाता सूची में कमियों की जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह, रामकुमार कृपाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर बी.एक्का सहित राजनीतिक दल से जुड़े पदाधिकारी एवं प्रत्याशी उपस्थित थे।

### नवीन मेला मैदान की भव्यता और सुंदरता देखते ही बन रही

## 54 एकड़ में राजिम कुंभ कल्प महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राजिम कुंभ कल्प इस बार भव्य और वृहद रूप में आयोजित हो रहा है। कुंभ की भव्यता और सुंदरता देखते ही बन रही है। लंबे अरसे के बाद मेला स्थल परिवर्तन होने से आयोजन को लेकर दर्शकों में जिज्ञासा और उत्साह का माहौल है। 54 एकड़ की विस्तृत जमीन पर नवीन मेला इस बार राजिम और चौबेबांधा में सजकर तैयार है। यहां अंदर प्रवेश करते ही विशाल सांस्कृतिक मंच को देखकर लोग आकर्षित हो रहे हैं।

मुख्य मंच इस बार राजिम कुंभ पंचकोशी धाम की थीम पर बना है जो मेले की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है। हजारों दर्शक इस मंच में आराम से बैठकर कार्यक्रम का आनंद ले सकते हैं। जगमग लाइटिंग के साथ ही दर्शकों की सुविधा के लिए इसके चारों तरफ एलईडी (प्रोजेक्टर) की व्यवस्था की गई है। मुख्य मंच के पास ही स्थानीय कलाकारों के लिए सांस्कृतिक मंच बनाया गया है। बड़े डोम में हजारों के बैठने की व्यवस्था की गई है।






कुलेश्वर मंदिर के पास बने संत समागम स्थल में पंडोखर सरकार का दरबार लगेगा। वहीं सनातन धर्म हिंदू संस्कृति के रक्षक बागेश्वर धाम का भी पंडाल लगाया जा रहा है। वैसे भी राजिम कुंभ प्रतिवर्ष अपने अलग रूप में ही दर्शनर्थियों के मन को मोहित करता है। समय के साथ साथ इस कुंभ मेले में नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। आज इसकी महिमा का बखान दूर देशों में भी हो रहा है। यही वजह है कि विदेशी सैलानी भी हर वर्ष यहां पहुंचते हैं और यहां के लोगो में अपने धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था को देखकर आश्चर्य चकित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ी बोली, पहनावा, रहन सहन उन्हें बहुत ही प्रभावित करता है। राजिम कुंभ कल्प में अनेक संस्कृतियों का मिलन होता है। यहां अलग स्थान से आकर लोग आपस में मिलकर रहते हैं। एक दूसरे की रीति-रिवाज और परंपराओं से अवगत होते हैं।

## नपं मगरलोड भैंसमुंडी में 89.43 प्रतिशत मतदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

- मतदान केन्द्र क्रमांक 5 में सर्वाधिक व 14 में कम मतदान पड़े

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में 11 फरवरी को मतदान ईवीएम मशीन से हुआ। चुनाव शांतिपूर्ण हुआ। नगरवासियों में नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद चुनने भारी उत्साह देखने को मिला। अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी चुनने के लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सबसे ज्यादा मतदान पोलिंग बूथ 5 में सर्वाधिक 93.87 प्रतिशत हुआ है। सबसे कम मतदान पोलिंग बूथ 14 में हुआ है। नगर पंचायत में 89.43 प्रतिशत मतदान हुआ है।

नगर में पुरूष मतदाता 2390 , महिला मतदाता 2557 सहित कुल 4947 मतदाता थे। जिसमें से 2175 पुरूष मतदाता, 2249 महिला मतदाताओं ने मतदान किया था। 523 मतदाताओं ने वोट नहीं डाला है। निर्वाचन प्रतिवेदन पत्र के आधार पर मतदान केन्द्र 1 में 290 मतदाताओं में से 260 मतदाताओं ने वोट डाला। इसी प्रकार मतदान केन्द्र 2 में 281 में से 259 ने मत डाला है। मतदान केन्द्र 3 में 360 मतदाता में से 330 ने , मतदान केन्द्र 4 में 286 में से 263 ने , मतदान केन्द्र 5 में मतदाता 310 में से 291 ने , मतदान केन्द्र 6 में मतदाता 305 में से 286 ने, मतदान केन्द्र 7 में मतदाता 299 में से 271 ने , मतदान केन्द्र 8 में मतदाता 342 में से 315 ने , मतदान केन्द्र 9 में मतदाता 410 में से 366 ने, मतदान केन्द्र 10 में से मतदाता 290 में से 245 ने , मतदान केन्द्र 11 में मतदाता 322 में से 298 ने , मतदान केन्द्र 12 मतदाता 341 में से 306 ने, मतदान केन्द्र 13 में मतदाता 400 में से 351 ने , मतदान केन्द्र 14 में 421 मतदाताओं में से 345 ने तथा मतदान केन्द्र 15 में मतदाता 290 में से 238 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।




## रावनगुड़ा में माता सती के दरबार में हुई पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

इस वर्ष भी ग्रामीणों द्वारा ग्राम रावनगुड़ा में माता सती के दरबार में माघ पूर्णिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने गांव , समाज और विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन किया। इस अवसर पर आकाश साहू, राजेश साहू, दशरथ साहू, शीतल साहू, शांतनु यादव, परमेश्वर यादव, नरेश साहू, अमरसिंग साहू, नरोत्तम साहू, प्रमोद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कर्णेश्वर धाम में कोसरिया मरार पटेल समाज का वार्षिक महासम्मेलन 1 और 2 मार्च को

- वार्षिक महासम्मेलन में होगा आदर्श सामूहिक विवाह, रूपरेखा तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज की बैठक बुधवार को सिहावा के शाकंभरी मंदिर में हुई। अतिथि कोसरिया मरार पटेल समाज छग प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज राजा लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, अध्यक्ष सिहावा राज पटेल समाज कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाललाल पटेल, हरिनाथ पटेल, जनक कौशल, भरत पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, न्याय समिति से कुंजलाल पटेल, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, बृजलाल पटेल, लकेश पटेल, अगनूराम पटेल, मानिक पटेल थे। ईष्ट देवी मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना कर माघी पूर्णिमा पर दानस्वरूप समाज प्रमुखों ने दानराशि पटेल समाज को भेंट की।





इस अवसर पर प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज संरक्षक अमरसिंह पटेल ने कहा कि 28 फरवरी 2025 तक 36 गांव के क्षेत्र प्रमुख अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव का पद का चयन कर राज को जानकारी प्रेषित करें। पटेल समाज द्वारा कन्या सामूहिक विवाह करवाया जायेगा, जिसमें विवाह योग्य लड़का व लड़की की जानकारी क्षेत्र अध्यक्ष व राज को दी जाए। कन्या सामूहिक विवाह पटेल समाज द्वारा विधिविधान से कराया जायेगा। पटेल समाज का वार्षिक महासम्मेलन 1 और 2 मार्च को कर्णेश्वर धाम देऊरपारा ( सिहावा) में होगा। पटेल समाज के वार्षिक महासम्मेलन अधिवेशन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। सिहावाराज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल ने दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर बृजलाल पटेल अध्यक्ष मारागांव, लकेश पटेल सिहावा, मानिक पटेल घटुला, शिवनाथ पटेल फरसिया, सुनाराम पटेल गोविंदपुर, प्रेमलाल पटेल सांकरा, दिलीप पटेल बेलरगांव, नकुल पटेल, गुलाब पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गणेश पटेल, दशरथ पटेल, किशुन पटेल, रेवा पटेल, गुलाब पटेल, गोवर्धन पटेल सहित पटेल समाज सिहावाराज क्षेत्र अंतर्गत 36 गांव के समाजजन उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है



चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरूद, नगरी, मगरलोड़, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाइज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाइज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाइज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाइज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
|---|---|---|---|
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




मेला में मीना बाजार, मौत का कुआं, सर्कस, ड्रेगन झूला रहा आकर्षण का केंद्र

# देव मड़ई में शामिल हुए ओडिशा, बस्तर के देवी-देवता

- छिपलीपारा की टिकरी वाली की अगुवाई में कर्णेशवर मेले की ढाई परिक्रमा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





कर्णेश्वर मेला महोत्सव के तहत गुरुवार को देव मड़ई का आयोजन हुआ जिसमें हजारों दर्शनार्थियों सहित सीमावर्ती राज्य ओडिशा, बस्तर व अंचल के कोने-कोने से आंगा देव, देवी देवता अपने पूरे स्वरूप डांग डोलीबाना के साथ शामिल हुए। मन्दिर परिसर में छिपलीपारा की टिकरी वाली व खम्बेश्वरी में जोहार भेंट की गई। परम्परा अनुसार छिपलीपारा की टिकरी वाली की अगुवाई में मेले की ढाई परिक्रमा की गई। कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट की संरक्षक अम्बिका मरकाम, अध्यक्ष विकल गुप्ता, संरक्षक कैलाश पवार, पूर्व विधायकद्वय श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम, रवि दुबे, गगन नाहटा, नागेन्द्र शुक्ला, निकेश ठाकुर, कोमल श्रीमाली, कलमसिंह पवार, उत्तम साहू, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, रामभरोसे साहू, भरत निर्मलकर, योगेश साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, रामलाल नेताम ने फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। इस वर्ष भी मेला में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दूर से विभिन्न वाहनों में सवार होकर मेला स्थल पहुंचे।लोगों ने कतारबद्ध कर्णेश्वर महादेव मन्दिर के दर्शन किए। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा। देउरपारा के युवाओं ने व्यवस्था सम्भाली। पुलिस विभाग द्वारा बूंदी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने जिले के वरिष्ठ सलाहकार राजेश तिवारी, बुधेश्वरनाथ साहू, गायत्री बोदले, श्री देवांगन, ऋचा ठाकुर के मार्गदर्शन में मन्दिर परिसर व भोजनशाला में भोजन परोसने में सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग ने स्टाल लगाकर प्राथमिक उपचार किया। नगर पंचायत द्वारा पानी टैंकर की व्यवस्था की गई।

मेले में लोगों ने क्राफ्ट बाजार, मीना बाजार, मौत का कुआं, सर्कस, झूला ड्रेगन आदि का लुत्फ उठाया। विभिन्न दुकानों में जमकर खरीददारी की। रात्रि में छतीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पुराणिक साहू कृत लहर गंगा का मंचन हुआ जिसका दर्शकों ने लुत्फ उठाया।

व्यवस्था बनाने में ट्रस्ट के आनंद अवस्थी, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अरुण सार्वा, दीपक यदु, शिवकुमार परिहार, कैलाश प्रजापति, सचिन भन्साली, ललित निर्मलकर, टेश्वर ध्रुव, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, रवि ठाकुर, किशन गजेंद्र, कमल डागा, टेश्वर ध्रुव, प्रकाश बैस, छवि ठाकुर, दुर्गेश साहू, नंद यादव, मिलेश्वर साहू, प्रेमलता नागवंशी, होरीलाल पटेल, ईश्वर जांगड़े, बबलू गुप्ता, बंटी जैन, नंद यादव, अशोक देवांगन, अनुरुद्ध साहू, देवेंद्र साहू, हेमंतपुरी गोस्वामी, प्रीतम गिरी, हरीश यादव, राहुल साहू, परमेश्वर नेताम, संजय गोस्वामी, मधु नेताम, धनराज साहू, भूपेश साहू, मंगलेश सोम, संतुराम साहू, हेमु साहू सहित स्माईल क्लब के युवा जुटे रहे। मेला महोत्सव के दौरान देव मड़ई के दिन रावल ज्वेलर्स व इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर नगरी व भूषण साहू, पीयूष साहू घठुला द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में विशाल भण्डारा रखा गया जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया।

## देउरपारा सिहावा कर्णेश्वर धाम मेले के द्वितीय दिवस मड़ई की झलकियां



श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं को फूलों की मालाओं से लाद दिया।




# बैनर-पोस्टर, वॉल लेखन, पामपलेट से लद गई हैं गांव की गलियां व दीवारें

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव -

## जिला, जनपद, सरपंच व पंच पद के प्रत्याशियों की गांवों में खूब दौड़ रहीं प्रचार गाड़ियां




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार काफी जोर पकड़ चुका है। जिला, जनपद, सरपंच और पंच पद के प्रत्याशी पाम्पलेट, बैनर-पोस्टर के साथ लाउडस्पीकर व डीजे लगा चुनाव प्रचार गाड़ी गांव की गलियों में दौड़ा रहे हैं। वॉल लेखन व फ्लैक्स से दीवारें पट गई हैं। रैली व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपने आपको निर्भीक, योग्य, मिलनसार व दमदार बता मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आगामी 20 फरवरी को कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने वाले चार जिला पंचायत, 25 जनपद सदस्य, 103 सरपंच एवं 1147 वार्ड पंच के लिए चुनाव होगा। इसे लेकर प्रचार-प्रसार चरम पर है। अधिकांश जगहों पर भाजपा-कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है तो अनेक जगह त्रिकोणीय, चतुष्कोणीय, पंचकोणीय से लेकर दर्जनभर के करीब प्रत्याशी मैदान में होने के कारण वह ग्राम पंचायत चर्चाओं में है।

### 33 में सीधी तो 33 पंचायतों में त्रिकोणीय टक्कर

33 पंचायत ऐसी है जहां सिर्फ कांग्रेस व भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है जिसमें सेमरा (सी), जोरातराई (सी), जुगदेही, कुर्रा, बंजारी, कन्हारपुरी, परसट्ठी, परसवानी, भोथली, मुरा, गणेशपुर, नवागांव(क), चटौद, हथबन्द, भेंडसर, सिलीडीह, मोंगरा, कोकड़ी, कातलबोड़, सिंधौरीखुर्द, सिंधौरीकला, सिवनीकला, कुल्हाड़ी, संकरी, गाडाडीह (आर), थुहा, चारभाठा, धूमा, कठौली, बगदेही, जोरातराई (अ), सिहाद, भेंडरा शामिल है। इसी तारतम्य में बंगोली, चोरभठ्ठी, राखी, सिलौटी, गातापार (को), देवरी, कोसमर्रा, मौरीकला, अछोटी, मुल्ले, अटंग, बोरझरा, सिलघट, चिंवरी, दर्रा, फुसेरा, परखन्दा, सेलदीप, कमरौद, गाडाडीह(उ), बानगर, जरवायडीह, सिर्वे, कुम्हारी, दरबा, खुरसेंगा, मड़ेली, कचना, सरबदा, दहदहा, गोबरा और गुदगुद्दा में तीन-तीन प्रत्याशी होने के कारण त्रिकोणीय मुकाबला है।



### 13 जनपद क्षेत्र में सीधा तो सात में त्रिकोणीय मुकाबला

बात अगर जनपद क्षेत्र की करे तो क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3, 4, 6, 7, 10, 12, 14, 15, 16, 19 एवं 23 में भाजपा एवं कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर है। क्षेत्र क्रमांक 8, 9, 11, 13, 18, 22, 24 में त्रिकोणीय संघर्ष दिखाई दे रहा है। क्षेत्र क्रमांक 5, 17, 20 व 21 में चतुष्कोणीय मुकाबला तथा क्षेत्र क्रमांक 25 में कांग्रेस-भाजपा समर्थित के साथ पांच प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

### सरपंच पद के लिए रामपुर पंचायत में सर्वाधिक 11 उम्मीदवार

इस बार 103 पंचायतों में हो रहे सरपंच चुनाव के लिए कुल 346 प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमे सर्वाधिक रामपुर में एक पद के पीछे 11 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। ग्रापं मेंडरका, कुहकुहा, जीजामगांव, बिरेझर, करगा, भैंसबोड़, सिलतरा, सुपेला, डांडेसरा, उमरदा, सिर्री, गातापार (आ), पचपेड़ी, तर्रागोंदी, हंचलपुर, नवागांव (थू), भैंसमुंडी, गोजी, इर्रा, कोर्रा, भाठागांव में 4-4 लोग चुनाव लड़ रहे है। ग्रापं बगौद, नारी, कोकड़ी, मरौद, कोड़ापार, बकली में 5-5 उम्मीदवार, चरोटा, खर्रा, जोरातराई (न) एवं अंवरी में 6-6 प्रत्याशी, भेंडरवानी व सेमरा (बी) में 7-7 तथा कोड़ेबोड़ व मंदरौद में 8-8 उम्मीदवार सरपंची करने लड़ रहे हैं।



# रिजल्ट आने से पहले शहर में पसरा सन्नाटा

- मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में तूफानी फैसले का बेसब्री से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कहावत है कि तूफान आने से पहले समुद्र शांत हो जाता है। इसी तरह निकाय चुनाव का फैसला आने से पहले शहर के वार्डों में सन्नाटा पसर गया है। मतदाताओं को अब तूफानी रिजल्ट का इंतजार है।

निकाय चुनाव 2025 की पूरी प्रक्रिया महज एक माह के भीतर सिमट जाएगी। 20 जनवरी को चुनाव प्रक्रिया की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई। 22 से 28 जनवरी तक नामांकन जमा करने तथा 31 जनवरी को नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में कौन- कौन प्रत्याशी मैदान में है, इसकी स्थिति स्पष्ट हो गई। प्रत्याशियों को 10 दिन प्रचार-प्रसार के लिए मिला। 11 फरवरी को मतदान तक मतदाता और कार्यकर्ताओं की खूब बल्ले-बल्ले रही। प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार, खिलाने पिलाने में खूब पैसे उड़ाए। 12 फरवरी तक मतदाता और कार्यकर्ताओं के बीच कौन जीतेगा, यह यज्ञ प्रश्न खूब गर्म रहा। अपनी-अपनी समीक्षा और चर्चाओं के बाद वार्डों में एक तरह का सन्नाटा पसरा हुआ है। अब लोगों को 15 फरवरी को आने वाला तूफानी रिजल्ट का इंतजार है। इधर जैसे-जैसे समय बीत रहा है , प्रत्याशियों की धड़कनें भी तेज होने लगी है।

### सट्टा बाजार गर्म, एक का तीन चल रहा है भाव

निगम के महापौर और पार्षद प्रत्याशियों पर हार जीत का सट्टा बाजार गर्म हो गया है। महापौर में कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं होने के बाद भी भाजपा और नोटा में जीत के अंतर पर सट्टा लग रहा है। वहीं पार्षद प्रत्याशी में आमापारा, महिमासागर, सुंदरगंज वार्ड, रिसाईपारा, बनियापारा, सुभाषनगर, रामपुर वार्ड में कौन प्रत्याशी कितने वोटों से जीत दर्ज करेगा, इसे लेकर सट्टा लग रहा है। सट्टे में एक का डबल या ट्रिपल भाव मिल रहा है।

# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए उन्नत कृषि अपनाएं : अरुण

- भाजपा प्रत्याशी ने खुदुरपानी, भैंसमुड़ा, मटियाबाहरा, चर्रा, खरखा में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा ने ग्राम खुदुरपानी, भैंसमुड़ा, मटियाबाहरा, चर्रा, खरखा में जनसंपर्क अभियान और बैठक आयोजित कर भाजपा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा को अपना समर्थन देने और नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की अपील की।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने और यह तभी संभव होगा जब किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध होंगे। उन्होंने ग्रामीणों को उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी, जिससे वे अपनी उपज बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

बैठक का संचालन करते हुए चुनाव प्रभारी रविशंकर दुबे ने भाजपा सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का आग्रह किया। अरुण सार्वा ने ग्रामीणों से भाजपा को अपना समर्थन देने और मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक-एक वोट 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में योगदान देगा। भाजपा को जिताएं और अपने क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करें। ग्रामीणों ने भी भाजपा की नीतियों और योजनाओं पर भरोसा जताते हुए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुगनचंद साहू, शिवदयाल साहू, गिरवर भंडारी, रमेश साहू, बलदाऊ यादव, लवकुमार साहू, सतीश साहू, रामजी नेताम, राजेन्द्र यादव, फत्तेसिंह नेताम, तुलाराम मरकाम, बलीराम नेताम, प्रभुराम मरकाम, लखन मंडावी, प्रमोद यादव, प्रीतम मरकाम, सुमन शोरी, महावीर ठाकुर, सुरेश मरकाम, शत्रुहन यादव संरक्षण सोहन नेताम अध्यक्ष सुरेश नेताम पीलूराम में ग्राम पटेल सुरेन्द्र सोरी, नथल नेताम, नारायण साहू, देवलाल मरकाम, सन्तोष मरकाम, बलदाउराम यादव, युवा प्रकोष्ठ परमानन्द नागेश, भोज यादव, गुलाप सोनवानी, ईश्वर नागे, गुलाल मरकाम, खोरबाहरा, अर्जुन रमेश, सावित्री यादव अध्यक्ष, झुनियाबाई, कुमारीबाई, रामबाई, दुलेश्वरी, प्रेमीन, जगबाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन शामिल हुए।

# ट्रक की चपेट में आने से डेढ़ माह के बच्चे की मौत

कुरमातराई के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अस्पताल से बच्चे को दिखाकर लौट रहे दंपति की बाइक को ट्रक ने ठोकर मार दी। इस टक्कर में सड़क पर गिर गए डेढ़ माह के बच्चे को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम खुसरेंगा निवासी डोमार साहू उम्र 27 वर्ष बुधवार को अपनी पत्नी डमेश्वरी साहू उम्र 25 वर्ष व दुकालाबाई साहू के साथ अपने डेढ़ माह के बच्चे तोकेश साहू का उपचार कराने शहर के एक निजी अस्पताल में आए थे। बच्चे का चेकअप व उपचार करा दोपहर बाद सभी मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। डमेश्वरी अपने बच्चे तोकेश को गोद में लेकर बैठी थी। वापसी में वे सभी सेमरा बी जा रहे थे। इसी दौरान भखारा मार्ग में ग्राम कुरमातराई के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर से बाइक सवार सभी लोग गिर गए, वहीं तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर गिरे बच्चे को कुचलते हुए फरार हो गया। घटना में बच्चे की मौत हो गई। वहीं डमेश्वरी के सिर में चोट लगी है। संजीवनी 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वार्ड में भर्ती कर घायल महिला का उपचार किया जा रहा है। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मृत बच्चा दंपति की पहली संतान थी।



# जिपं प्रत्याशी कविता को मिल रहा जनता का आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 6 की कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कविता योगेश बाबर को क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान आमजनता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण अपने बीच लोकप्रिय व्यक्तित्व पाकर गदगद हो रहे हैं। जनसभाएं व पैदल भ्रमण में लोग फूलमालाओं से स्वागत कर भारी मतों से जीतने का आशीर्वाद दे रहे हैं। विदित हो कि कविता पिछले तीन कार्यकाल में जिपं सदस्य रहकर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य करवाए हैं। सभापति रहकर जिला स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्यों की सौगात दी है। जनसभा में कविता ने कहा कि क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करने वह चुनाव लड़ रही हैं। विकास कार्यों को संपन्न कराने वचनबद्ध हैं। जनसभा व पैदल भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं की लंबी फौज खड़ी हो रही है। लोग उत्साहित होकर गांव में स्वागत कर रहे हैं। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत होकर कविता विकास की बात दोहरा रही है। समस्याएं पूछकर उसके निराकरण करने आश्वासन दे रही हैं। गांव के युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी जनसभा में पहुंच रही हैं। गांवों में बिजली, पेयजल, आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए धन्यवाद दे रहे हैं।

## फिटनेस कार्यक्रम में छात्र व शिक्षक हो रहे लाभान्वित

**कुरूद।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से क्रिएटिविटी क्लब द्वारा समुदाय में फिटनेस कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम में धमतरी जिले के 60 गांव से 120 फैलो और 60 चैंपियन शिक्षक शामिल हैं। इसमें खेल और डांस के दो मुख्य विषयों को लेकर 10 से 14 साल के बच्चों के साथ गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल और डांस माध्यम से बच्चों का समग्र विकास है। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास को भी बढ़ावा मिलता है। यह गतिविधियां स्कूल में साप्ताहिक एवं समुदाय में रोजाना आयोजित की जा रही हैं। बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने और प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देने एवं लीडरशिप कार्य करने का मौका दे रहे हैं। जिन छात्रों को ग्रुप लीडर के लिए चुना गया है, वह अपने स्कूल में सप्ताहिक गतिविधि संचालित करेंगे। कुछ उत्कृष्ट प्रतिभागियों को उनके संबंधित क्षेत्र में संभावित अवसरों और विशेषज्ञों से भी जोड़ा जाएगा। इससे बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## सार्वा आज कई गांवों में करेंगे जनसंपर्क



**नगरी।** जिले पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वे 14 फरवरी को मोदे, छिपली, सम्हलपुर, अमाली, टेंगना, सामतरा, बोड़रा, भोथली, गीतकारमुड़ा, भैंसासांकरा, मसानडबरा गांवों में जनसंपर्क करेंगे। वे जनता के बीच भाजपा की नीतियों और विकास योजनाओं को साझा करेंगे।



## खबर संक्षेप

### भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के बीए भूगोल भाग 3 की प्रायोगिक परीक्षा 18 फरवरी को प्रातः 8 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं सामग्री के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे।

### देवपुर में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 1 व 2 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन 1 मार्च शनिवार व 2 मार्च रविवार को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। वार्षिक महासम्मेलन में वार्षिक आय- व्यय की जानकारी, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, आदर्श विवाह, सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, सचिव नीलकुमार निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगी कर्मचारियों की ड्यूटी

**धमतरी।** जिले के किसानों का एप, पोर्टल के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के क्रियान्वयन हेतु एग्रीस्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में कैम्प आयोजित कर किसानों के लैण्ड आईडी एवं फार्मर आईडी एग्रीस्टेक एप्प, पोर्टल में कार्य करने के लिए अधिकृत किया है। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों को प्रत्येक सोमवार को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयान करने किसानों की संख्यात्मक जानकारी भू-अभिलेख शाखा में भेजने के लिए निर्देशित किया है।

### बैडमिंटन में 28वीं वाहिनी के जवानों ने मारी बाजी

**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में 28 वीं वाहिनी ससीब अंतागढ़ एवं 33 वीं वाहिनी ससीब केंवटी के बीच बैड़मिंटन खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दोनों वाहिनियों के जवानों के साथ बैड़मिन्टन खेल खेला गया जिसमें 28 वीं वाहिनी के जवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के अवसर पर कमांडेंट अरूण देवगम ने खेल देख रहे समस्त बलकर्मियों को खेल के बारे में जागरूक किया एवं उन्हे खेल के प्रति प्रेरित किया।

### घोड़ाबत्तर का वार्षिक मड़ई- मेला 17 को

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोड़ाबत्तर का वार्षिक मेला 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। मेला में स्थानीय के साथ देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में गांवों के देवी-देवता और आंगा देवता की पूजा-अर्चना के बाद बजा के साथ डांग और देव द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। मेला में झूले और पकवानों के काफी दुकानें लगेंगी एवं दिन के मेले के पश्चात शाम को लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रात रानी सुर संध्या का आयोजन किया जाएगा ।

### फांसी लगा बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 60 वर्षीय सुभाष मजूमदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो को अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### माघी पुन्नी पर मां सोनादाई मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

**दुर्गूकोंदल।** माघी पूर्णिमा के पहले दिन सोने दाई मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिला। बुधवार को माघ का पहला दिन से ही काफी संख्या में लोगों के भीड़ देखने को मिला और सोनादाई गांव में तीन दिन तक मेला लगता है। मान्यताएं हैं कि यहां जो भी भक्त सच्चे मन से आते हैं और यहां सोनादाई कुंड में स्नान करने के बाद पूजा पाठ कर मन्नतें मांगते हैं।

---

#### मतगणना को लेकर प्रशासन जुटा तैयारी में, दो राउंड में होगी गिनती

# जनता ने किसका दिया साथ, कल खुलेगा राज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरीय सत्ता के लिए वोटिंग के बाद सभी की नजर अब काउंटिंग पर टिकी हुई है। 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक स्थिति क्लियर हो जाएगी। उधर जिला प्रशासन काउंटिंग की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके साथ पंचायत चुनाव की तैयारी भी चल रही है।

नगर पंचायत और नगर निगम में सत्ता के लिए जनता ने 11 फरवरी को अपना वोट दे दिया है। पूरे शहरवासियों की नजर अब निगम चुनाव की मतगणना पर टिकी हुई है। कल 15 फरवरी को मतगणना होगी। गुरुवार को मास्टर ट्रेनर सुधीर गायकवाड़ और एनएस देहारी ने नगर निगम के सभाकक्ष में मतगणना को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। जानकारी के अनुसार शहर के 40 वार्डों के लिए अलग-अलग 40 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल में मतगणना के लिए 4 कर्मचारी तैनात होंगे। उनके साथ प्रत्याशी या उनके अभिकर्ता मौजूद रह सकते हैं। मतगणना के लिए कुल 175 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो गणना के साथ ईवीएम को सुरक्षित ढंग से स्ट्रांग रूम से लाने और ले जाने का काम करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया बताई गई। किस प्रकार ईवीएम को लाना है और गणना करनी है।





#### दोपहर तक फाइनल रिजल्ट

जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इससे पहले ही मतगणना के लिए कर्मचारी मतगणना केंद्र पहुंच जाएंगे। 9 बजे काउंटिंग शुरू होगी। सबसे पहले ईडीवी (पोस्टल बैलेट) की गणना होगी। नगर निगम के लिए 24 ईडीवी मिले हैं। 10 मिनट में ईडीवी गणना हो जाएगी। इसके बाद ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती होगी। जानकारी के अनुसार 40 वार्ड में से 37 वार्ड के वोटों की गिनती दो चरण में कम्पलीट हो जाएगी। तीन वार्ड गोकुलपुर, ब्राह्मणपारा और सोरिद वार्ड के वोटों की गिनती तीन चरण में होगी। एक राउंड में करीब 1 घंटे का समय लगेगा। उम्मीद है कि दोपहर 12 बजे तक मतगणना कम्पलीट हो जाएगी।

#### पहले महापौर के वोटों की गिनती

शहर के 40 वार्ड में 116 पार्षद प्रत्याशी मैदान में हैं। महापौर के 8 प्रत्याशी हैं। रिजल्ट का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मतगणना में सबसे पहले महापौर पद के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी। इसके बाद पार्षदों पद के प्रत्याशियों को मिले वोटों की गिनती होगी। मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा मतगणना की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल, कैमरा या अन्य कई प्रकार के डिवाइस लेकर जाने की मनाही है।

---

# छग विस का तृतीय सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक

#### जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक होगा। इस दौरान प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल सूचना, अशासकीय संकल्प आदि के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। कलेक्टर ने अधीक्षक, राजस्व कक्ष में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07722-232592 है। उन्होंने अवकाश के दिनों में नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर ने आदेश जारी कर कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी कर्मचारी उनकी अनुमति के बगैर अवकाश पर अथवा मुख्यालय से बाहर नहीं रहेगा।

नियंत्रण कक्ष में 26 फरवरी को सहायक ग्रेड 2 इंद्राणी साहू, कम्प्यूटर ऑपरेटर झामिन सिन्हा, भृत्य उमादेवी नेताम। 1 मार्च को सहायक ग्रेड 3 पूर्णिमा यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रियंका जाधव, भृत्य देवकी। 2 मार्च को यशवंत निषादराज, सहायक ग्रेड 3 दीपक सिन्हा और भृत्य चमर सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। 8 मार्च को सहायक ग्रेड 2 हरीश ध्रुव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष यादव, भृत्य सूरज देवदास, 9 मार्च को कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती गोदावरी, स्टेनोटायपिस्ट सरिता साहू, भृत्य श्रीमती लोकेश्वरी। 15 मार्च को सहायक ग्रेड 2 दशरथ साहू, सहायक ग्रेड 3 मनीष साहू, भृत्य सुरेन्द्र यादव और 16 मार्च को सहायक ग्रेड 3 वर्षा आवड़े, दुर्गा ध्रुव तथा भृत्य सुश्री दुर्गेश्वरी की ड्यूटी लगाई गई है।

---

# भाजपा और देश को एक ही व्यक्ति चला रहा है : अतुल

- कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राजीव भवन में पत्रकारों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंधे पाटिल अपने एक दिवसीय प्रवास पर गुरूवार को धमतरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत देश व भाजपा पार्टी को एक ही व्यक्ति चला रहा है। बाकी भाजपाई तो सिर्फ रबर स्टैंप हैं। लोकतंत्र बिल्कुल भी नहीं है, राजशाही तंत्र चल रहा है जिसके कारण महज 2 हजार व्यक्ति अमीर होते जा रहे हैं। बाकी 130 करोड़ जनता गरीब होते जा रही है। अपने आप को फकीर कहने वाला पीएम 12 करोड़ के रेंज रोवर में चलता है।

आज भाजपा के कारण देश गर्त में जा रहा है। वे पाखंड और धर्म का इस्तेमाल कर राजनीति कर रहे हैं। कुंभ में अव्यवस्था फैली हुई है। देश में रोज निर्भया कांड हो रहे हैं। युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं। छग सहित देश के सभी वरिष्ठ भाजपाई महज कठपुतली नेता बनकर रह गये हैं। देश में पिछले 11 सालों से अघोषित आयातवाल चल रहा है। देश के जिम्मेदार चुप हैं। छग की बेशकीमती पेडेंट को काटा जा रहा है। हंसदेव जैसे आक्सीजोन जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। छग की जनता ने भाजपा को शासन करने भेजा है लेकिन राज्य में कुशासन स्थापित हो गया है। छग की जनता भाजपाइयों से परेशान है।

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में अच्छा काम किया है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला। पशुपालकों के लिए अच्छा काम किया। किसान, मजदूर, व्यापारी, विद्यार्थी सभी खुश थे। आम जनता का जीवन स्तर उठ रहा था। अब साय सरकार पूर्ववर्ती योजनाओं को बंद कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने आजादी से पहले और बाद में कुर्बानी दी है। भाजपा का कोई इतिहास नहीं है। छग राज्य सहित अन्य स्टेट में नक्सलवाद खत्म करने का खोखला दावा कर रही है। रेड कारिडोर अब भी जिंदा है। देश में हिन्दू, मुस्लिम की राजनीति की शुरूआत भाजपा ने की। लोगों को लड़ाकर धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है और खोखले वादे कर सत्ता में काबिज हो रही है। श्री पाटिल ने कहा कि राज्यों का चुनाव कांग्रेस अपने दम पर लड़ेगी। कांग्रेस कभी खत्म नहीं होगी। देश को बचाना जरूरी है। प्रेसवार्ता के दौरान छग कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव आनंद पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, कांग्रेस नेता योगेश वर्मा, दीपक सोनकर, राजेश ठाकुर, तिलक सोनकर उपस्थित थे।



---

## प्रीतेश ने समृद्ध धमतरी के लिए किया मतदान




**धमतरी।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी को हुआ। प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा व प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में मतदान कर विकसित भारत 2047 और समृद्ध धमतरी के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

---

**पंजीयन, नवीनीकरण, रोजगारपरक जानकारी आसानी से मिल रही**

# सीजी रोजगार एप से युवा हो रहे लाभान्वित नहीं काटने पड़ रहे दफ्तरों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीजी रोजगार एप के लांच होने के बाद राज्य के युवाओं को घर बैठे रोजगार पंजीयन की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा रोजगारमूलक जानकारी प्राप्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। शिक्षित युवाओं को अब दफ्तरों का चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ रही है। एप के लांच होने के बाद जिले में लगभग 5 हजार युवाओं ने एप डाउनलोड कर घर बैठे पंजीयन करवा लिए हैं। यह एप गूगल प्ले स्टोर व डिपार्टमेंटल वेबसाइट पर उपलब्ध है। एप से युवाओं समय और पैसों की बचत हो रही है।

च्वाइस सेंटर संचालक डीएस सिन्हा, टीआर साहू ने बताया कि उनके सेंटर में दर्जनों शिक्षित युवा रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण, रोजगारपरक की जानकारी लेने पहुंच रहे हैं और लाभान्वित भी हो रहे हैं। कुछ लोग स्वरोजगार की राह पर भी हैं। रोजगार के लिए अब जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र में जाने की आवश्यकता नहीं है। सत्यापन, आधार, आधारित ओटीपी के माध्यम से हो जाता है।

शिक्षित युवा देवीलाल साहू, कुंजबिहारी साहू, मन्नूलाल, रमेश चक्रधारी, अमीन निषाद, अशोक सोनकर, राजेश साहू का कहना है कि एप के माध्यम से शासकीय, अर्धशासकीय विभाग का विज्ञापन आसानी से मिल जाता है। पंजीयन, नवीनीकरण अब आसान हो गया। रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप की जानकारी एप पर रहती है। रोजगारमूलक जानकारी की सुविधा अब अधिक सरल हो गई है। रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिल रही है।

प्लेसमेंट कैंप से रोजगार प्राप्त युवा अंकुश ध्रुव, नीरज सोनकर ने बताया कि एप के माध्यम से उन्हें राजधानी में स्टील फैक्ट्री में रोजगार मिला है। वेतन और सुविधाएं उन्हें संतुष्ट कर रही है। स्वरोजगार प्राप्त युवा गिरधर साहू, गोपाल साहू का कहना है कि दोनों सगे भाई हैं। एप के माध्यम से फ्लैक्स प्रिंटिंग मशीन की दुकान खोली है। अच्छी आमदनी हो रही है।



फाइल फोटो

### रामपुर स्कूल में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

**बोरसी(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में 10 फरवरी सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद सहित आदि मौजूद थे।

---

## भारतीय बौद्ध महासभा का परिचय सम्मेलन 16 को

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व में द्वितीय वर्ष राज्य स्तरीय युवक-युवती, विधवा-विधुर, तलाकशुदा, परिचय सम्मेलन का आयोजन 16 फरवरी रविवार को अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला वार्ड धमतरी में किया गया है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सविता मेश्राम अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई होंगी। अध्यक्षता श्रीमती वर्षा वैद्य अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा महिला कल्याण समिति धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि रमाकांत महाजन अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला कोंडागांव, शिव कुमार खापर्डे अध्यक्ष बौद्ध महार समाज जिला गरियाबंद, योगेन्द्र कुमार रामटेके अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला कांकेर, नारद मेश्राम कोषाध्यक्ष बौद्ध महार समाज जिला गरियाबंद, श्रीमती सुनंदा गजबिए महासचिव डॉ.अंबेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी भिलाई होंगी। भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेंद्र कुटारे ने बताया कि पंजीयन शुल्क 200 रुपए निर्धारित है। युवक युवती स्वयं की एक पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ उपस्थित होंगे। बिना युवक, युवती, विधवा, विधुर, तलाकशुदा की उपस्थिति के बिना पंजीयन नहीं किया जायेगा। आवेदकों को कार्यक्रम स्थल पर एक बायोडाटा फार्म भरना अनिवार्य है।

### क्रिकेट में महात्मा गांधी वार्ड रहा विजेता

**धमतरी।** महात्मा गांधी वार्ड में क्रिकेट प्रेमी और वार्डवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहला इनाम 10000, दूसरा इनाम 7000, तीसरा इनाम 3000 रूपये रखा गया था। प्रतियोगिता में धमतरी के सभी वार्ड और आसपास के गांवों की 32 टीमों ने भाग लिया जिसमें महात्मा गांधी वार्ड विजेता व साल्हेवारपारा उपविजेता रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

TVS
SCOOTER HOUSE
गुजराती कॉलोनी के पास, रायपुर रोड, धमतरी
फोन - 07722-236121, 9827196521
आवश्यकता है
TVS MOTOR COMPANY के Authorized Showroom में एक्सपर्ट स्टॉफ की (Male/Female)

| Vacant | No. Of Post | Qualification |
|---|---|---|
| Tele Calling | 02 Post | Graduation |
| Spares Incharge | 02 Post | Graduation |
| Salesman | 04 Post | Graduation |
| Work Shop Supervisor | 02 Post | Graduation |

FOR ENQUIRY CONTACT
• Contact Time: 11am to 5pm
• Experience Person को प्राथमिकता दी जायेगी

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को धमतरी / महासमुंद, गरियाबंद जिले के लिये सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969, 8370049468
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर